52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.5 °c | अधिकतम 20.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:36 | वर्ष : 52/ अंक : 07 मंगलवार, 07 जनवरी 2025 पौष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

खामोशी से की गई मेहनत, एक दिन जरूर शोर मचाती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

केजरीवाल के वादे ऐसे हैं जैसे द्रोपदी की साड़ी, ये फेंकते जाएं और हम लपेटते जाएं : आकाश आनन्द

इसी फेंकने लपेटने ही पर सारी राजनीति टिकी हुई है.........

# पुलिस ने किया दलित सन्नी हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, चन्द्रशेखर ने दिया दस दिन का अल्टीमेटम

## ▶ दलित मृतक के घर पहुंचे चन्द्रशेखर ▶ अधिकारियों व सरकार पर लगाए तरह-तरह के आरोप

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी (बु.)।** दलित परिवार के आंसू पोंछने के लिए आज आसपा प्रमुख व नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद खतौली कोतवाली क्षेत्र के पलड़ी गांव में पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने पहले मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उसके बाद उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित भी किया। आपको बता दें कि 31 दिसम्बर को खतौली के पलड़ी गांव निवासी 20 वर्षीय सन्नी पुत्र महक सिंह की पीट-पीटकर उस समय हत्या कर दी गयी थी, जब वह अपने दोस्त शीनू के साथ काम निपटाकर नाई की दुकान पर बाल कटवाने पहुंचा था। वापस लौटते समय खतौली के मीरापुर मार्ग पर याहिया मोड़ पर पीछे तेज गति से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद सन्नी व उसके दोस्त शीनू की जमकर पिटाई की गयी। जैसे तैसे शीनू वहां से भाग गया, मगर आरोपियों ने दलित समाज के सन्नी की हॉकी-डंडों से पीट-पीटकर मौके पर ही हत्या कर डाली थी। उक्त मामले में प्रधान के पुत्र व भतीजे सहित लगभग एक दर्जन लोगों के नाम सामने आये थे, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया था



और एक मुख्य आरोपी अंशुल को आज गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त मामले में कुल तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसी मामले में सोमवार को सांसद चन्द्रशेखर आजाद जब वहां पहुंचे तो उन्होंने प्रशासन पर तरह-तरह के आरोप लगाये और मुजफ्फरनगर के अधिकारियों को सभी आरोपियों को पकड़ने और उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने की बात कहते हुए चेतावनी दी कि यदि दस दिनों के अन्दर इस मामले का समाधान नहीं हुआ तो ग्यारहवें दिन वे आन्दोलन करने को मजबूर रहेंगे।

उन्होंने कहा कि देखो मैंने आपसे पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं कि जिसके साथ भी अन्याय होगा, मैं उनकी आवाज उठाऊंगा। यह काम हमने अपने कंधों पर उठाया है। उन्होंने कहा कि इस परिवार को एक करोड़ रूपये की मदद दी जानी चाहिए, जिस परिवार का कमाने वाला आदमी चला गया, उस परिवार के लिए पूरे समाज ने, यहां के किसान व कमेरे समाज ने यह मांग रखी है कि कम से कम परिवार को एक करोड़ का मुआवजा व एक सरकारी नौकरी मिली चाहिए, तभी यह परिवार अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनकी मुजफ्फरनगर के एसएसपी-डीएम से बात होगी और वे ऐसे अधिकारियों को जल्द ही सस्पैंड करने के लिये कहेंगे जो जनता के पैसों से तनख्वाह लेते हैं और गरीब आदमियों का कोई काम नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर सिर्फ अमीरों की सुनवाई है। योगी सरकार यहां बड़ी कानून व्यवस्था का दम भरती है, अब कानून व्यवस्था कहां चली गयी है, जब 21 साल के एक नौजवान की खुलेआम सड़क पर निर्मम हत्या कर दी जाती है और हत्यारों के विरूद्ध कार्यवाही करने में डरने के साथ-साथ कोई रिजल्ट नहीं निकाल पाती। उन्होंने कहा कि जब पार्लियामेंट में सेशन चलेगा, तब वे इस आवाज को हर हालत में उठायेंगे और जिन-जिन कमैटियों में वे हैं उनके जरिये ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही के लिए लिखेंगे, जो दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने में असफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं दलित समाज के उस धैर्य का जवाब देता हूं जो उन्होंने दिखाया है। मगर समाज के बीच लगातार गुस्सा पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का रवैया बिहार में भी शर्मनाक है। उन्होंने देश के भविष्य पर लाठी चलाने का काम किया है। ऐसे पुलिसकर्मियों को शर्म आनी चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद भी कभी ना कभी कम्पीटिशन दिये होंगे। सरकार छोटे-छोटे बच्चों पर अन्याय कर रही है। कुल मिलाकर चन्द्रशेखर आजाद आज भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ गुस्साए रूप में दिखाई दिये।



सन्नी हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी

# किसान ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव मुकन्दपुर से सोमवार की सुबह ही एक किसान द्वारा गोली मारकर आत्महत्या करने की सूचना मिली।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव मुकन्दपुर निवासी किसान निरंकार सोमवार को खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था। दोपहर के समय वह जब काम से लौट रहा था तो एकाएक उसने अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। तमंचे की आवाज सुनने के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके पर पहुंचे मगर तब तक निरंकार की मौत हो चुकी थी। किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच की। जांच में पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें लिखा था कि वह खुद की शादी न हो पाने के कारण तनाव में चल रहा था। इसके लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराया जाये। उसकी आत्महत्या का कारण वह खुद ही है। पुलिस ने किसान निरंकार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आत्महत्या के कारणों की पूरी जांच कर रही है।






## चरथावल के कुटेसरा निवासी युवक ने सऊदी अरब मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की आत्महत्या करने की सूचना परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा निवासी नाजिम पुत्र भूरा उम्र 23 वर्ष चार माह पूर्व ही सऊदी अरब के दम्माम शहर में कार्य करने के लिए गया था। नाजिम को दम्माम गए अभी ज्यादा वक़्त भी नहीं हुआ था और चर्चा है कि उसका विदेश में मन नहीं लग रहा था। गत रात्रि नाजिम द्वारा गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली गयी और उसने अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली। आत्महत्या का समाचार जैसे ही नाजिम के परिजनों को लगा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए बड़ी संख्या में उसके घर पहुँचे और शव को अपने देश लाने की तैयारी में लग गए।



# व्यापारी का 81 लाख 3 हजार का भुगतान न देने पर राणा परिवार के पप्पू राणा के खिलाफ मुकदमा

## व्यापारी ने लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** लगातार राणा परिवार की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। अब तक राणा परिवार के जिस व्यक्ति को छेड़ा तक नहीं गया था, अब उसका नाम भी शामिल कर दिया गया है। नई मण्डी में अब चरथावल के पूर्व विधायक एवं रालोद नेता नूरसलीम राणा के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व विधायक नूरसलीम राणा पर एक व्यापारी से कच्चा माल लेकर 81 लाख रुपये भुगतान न करने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं आरोप में व्यापारी को धमकी देने की बात भी कही गयी है। मौहल्ला कम्बल वाला बाग निवासी बजरंग एलम प्रा.लि. फैक्ट्री के मालिक संजय अग्रवाल का कहना है कि उनके पूर्व विधायक नूरसलीम राणा उर्फ पप्पू राणा के साथ पिछले दस वर्षों से व्यापारिक सम्बन्ध हैं तथा उनकी पेपर मिल में वह कच्चा माल सप्लाई किया करते थे। आरोप है कि 29 मार्च 2018 तक तय शर्तों के आधार पर पूर्व विधायक नूरसलीम राणा उनके माल का यथावत भुगतान करते रहे, मगर 29 मार्च 2018 से 30 अप्रैल 2019 तक के माल का 81 लाख 3 हजार रुपये का भुगतान उनके द्वारा नहीं किया गया है। भुगतान के लिए लगातार वायदे किये जाते रहे। आरोप है कि कई बार मीटिंग होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। आरोप यह भी है कि नूरसलीम राणा ने अपनी फैक्ट्री बिकने तक की बात कही तथा फैक्ट्री बिकने के बाद भुगतान बैंक ब्याज के आधार पर देने की बात भी कही मगर व्यापारी संजय अग्रवाल का कहना है कि फैक्ट्री बिकने के एक माह बाद भी उन्होंने उनका भुगतान नहीं किया। दिसम्बर माह में राणा परिवार के अन्य लोगों पूर्व सांसद कादिर राणा व शाहनवाज राणा पर मामले दर्ज होने पर कार्यवाही को देखते हुए उसने 11 दिसम्बर को भुगतान के लिए फोन किया तो इस दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



# गांधी कॉलोनी में चाट की दुकान में लगी आग

**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** दिन निकलने से पहले ही नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कॉलोनी में चाट की दुकान में आग लगने की सूचना मिली तो क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक अजय गोयल को सुबह सूचना मिली कि उसकी दुकान में आग लग गयी है और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जितनी देर तक दुकान मालिक अजय गोयल अपनी दुकान पर पहुंचता उससे पूर्व ही दमकल विभाग कर्मियों ने दुकान का शटर काटकर आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक का आरोप है कि असामाजिक तत्वों द्वारा उसकी दुकान में आग लगाई गयी है। दुकान मालिक ने इस बाबत तहरीर भी दे दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चाट की दुकान में रखा फ्रिज व अन्य कई कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, जिसमें उसका हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।







# भूमि व सड़क निर्माण को लेकर परिवार के लोगों में खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों से घायल

**जानसठ, 06 जनवरी (बु.)।** परिवार के लोगों में भूमि विवाद तथा रास्ते के निर्माण को लेकर संघर्ष हो गया, जिसमें दोनों पक्षों से एक दर्जन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्र के गांव भलेड़ी निवासी पूनम पत्नी प्रदीप ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके परिवार के रहने वाले कर्म सिंह पुत्र मोहर सिंह के साथ भूमि संबंधित विवाद चल रहा था। मुकदमे में मंडलायुक्त ने एसडीएम कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया गया था, जिसको लेकर वे रविवार की देर शाम को रास्ते का निर्माण कर रहे थे। आरोप है इसी दौरान कर्म सिंह, उनका पुत्र ललित तंवर, उसकी पत्नी सुशीला व संदीप पुत्र मुक्तराम, सोनिया पत्नी कुलदीप व एक वकील आदि मौके पर पहुंचे। इन लोगों ने रास्ते का विरोध किया। आरोप है कि इन लोगों ने पूनम के ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा देने का प्रयास किया और लाठी-डंडों से परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। हमले में उसका लड़का लक्ष्य तंवर, पति प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में रात्रि में ही कर्म सिंह, उसकी पत्नी सुशीला, पुत्र ललित तंवर व संदीप तंवर व सोनिया और एक वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। दूसरे पक्ष से कर्म सिंह ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि विवादित है। सिविल कोर्ट से इस भूमि पर स्थगनादेश भी है। आरोप है कि स्थगनादेश होने के बावजूद रविवार की देर शाम को परिवार से संबंधित लोग रास्ते का निर्माण कर रहे थे। वह अपने परिवार के साथ निर्माण का विरोध करने मौके पर पहुंचा, तो लक्ष्य तंवर पुत्र प्रदीप, चरण सिंह व प्रदीप पुत्रगण मोहर सिंह, पूनम पत्नी प्रदीप, विक्की पुत्र चरण सिंह व गांव पालड़ी निवासी मुन्ना कुरैशी ने उनकी पुत्री और पत्नी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जान से मारने का प्रयास किया और धारदार हथियार से हमला कर उनको घायल कर दिया था। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में हुए हमले की उनके किसी परिचित ने मोबाइल से वीडियो भी बना ली थी और वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी थी। सोमवार को पीड़ित कर्म सिंह की तहरीर के आधार पर लक्ष्य, प्रदीप, चरण सिंह, पूनम, मुन्ना उर्फ सादमान और विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।





**अगले माह बुढ़ाना आएंगे मुख्यमंत्री योगी...**

# रालोद विधायक ने मूर्ति का अनावरण करने का दिया न्यौता

**बुढ़ाना, 6 जनवरी (बु.)।** गांव जौला के पास कई वर्षों से पन्नी में लिपटी हुई देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी के महीने में कर सकते हैं। इसके लिए बाकायदा बुढ़ाना रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने आज सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री को इसका न्यौता दिया है। रालोद विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए बताया कि मेरी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष-2004 में हिण्डन कृष्णा दोआब नहर प्रणाली का लोकार्पण तत्कालीन सिंचाई मंत्री द्वारा किया गया था। इस नहर प्रणाली के साथ ही बुढ़ाना क्षेत्र के परसौली गाँव के पास सिंचाई विभाग की जमीन पर एक वाटिका का निर्माण किया गया था और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। उक्त प्रतिमा का लोकार्पण आज तक नहीं किया गया है। चौधरी साहब की प्रतिमा आज भी पन्नी से लिपटी हुई खड़ी है, लेकिन 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका है। उनके अनुयाई और किसान प्रतिमा के लोकार्पण हेतु आशान्वित हैं। अतः मैं चाहूँगा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का लाकार्पण आपके कर कमलों द्वारा किया जाये। इसके लिए फरवरी 2025 के द्वितीय पक्ष में नियत तिथि एवं अमूल्य समय प्रदान करने की कृपा करें, जिस पर मुख्यमंत्री ने बुढ़ाना आने का आश्वासन रालोद विधायक राजपाल बालियान को दिया है।



# छात्राओं पर बैल्ट से हमला व छेड़छाड़








**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रुडकी रोड पर ट्यूशन से लौट रही कक्षा 9 व 10 की छात्राओं पर लड़कों के एक गुट ने रविवार की शाम हमला बोल दिया था। आरोप है कि लड़कों के द्वारा बैल्ट और लोहे की रॉड से उक्त नाबालिग छात्राओं पर हमला किया गया था। यह घटना रुडकी रोड स्थित अंजुमन पैलेस के सामने की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित छात्राएं शहर कोतवाली पहुंची और वीडियो सहित मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने नाबालिगों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित ने तीन नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। छात्राओं का कहना है कि पिछले एक सप्ताह पहले कुछ नाबालिग लड़कों ने उनकी फोटो ले ली थी, जो उक्त किशोरियों द्वारा डिलीट कराई गयी थी, तभी से उक्त लड़के खिन्न होकर उन्हें धमकी दे रहे थे। रविवार की शाम जब वे शिवचौक से प्रसाद लेकर चले तो उक्त नाबालिग लड़कों ने उन्हें घेरकर उन पर हमला कर दिया, जिसका वीडियो भी बाद में वायरल हो गया। एएसपी व्योम बिंदल ने मामले का संज्ञान लेते हुए छात्रा के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## दुकान बेचने का झांसा देकर व्यापारी से आठ लाख नब्बे हजार रुपये हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 6 जनवरी (बु.)।** मिमलाना रोड निवासी शाहिद फल का कारोबार करता है। आरोप है कि 26 सितम्बर 2022 में आरोपी मौहम्मद यूनुस व उसके दो बेटे तारिक व अब्दुल रहमान निवासी खालापार से चालीस लाख रुपये में दुकान का सौदा किया था। आरोपी ने 2017 का बैनामा दिखाया था। दुकान का सौदा तय होने पर पेशगी में दो लाख रुपये दिये गए थे तथा बाकी की रकम बैनामे के समय देनी तय हुई थी, मगर आरोप है कि बैनामा होने से पहले 6.90 लाख रुपये और दिये गए। इस दौरान पीड़ित को पता चला कि जिस दुकान का सौदा हो गया है, उस पर आरोपियों ने 25 लाख रुपये का लोन ले रखा है तथा लोन की किश्त न देने पर दुकान 2021 में बैंक नीलामी कर चुका है। दुकान के सौदे के समय शरीफ व शौकत ने भी पीड़ित को विश्वास दिलाया था कि दुकान पर किसी प्रकार का लोन नहीं है मगर जब लोन की पुष्टि हुई और अपना पैसा वापस मांगा गया तो उसके साथ मारपीट की गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छत से गिरकर हुई युवक की मौत

**बुढ़ाना, 06 जनवरी (बु.)।** एक युवक की सिर के बल छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के छोटे-छोटे 07 बच्चे बताए गये हैं। परिजनों ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला पीर शाह विलायत निवासी 34 वर्षीय फरीद कुरैशी पुत्र जमील उर्फ जम्मू कबाड़ी का काम करता है। वह घर घर फेरी करके कबाड़े का समान खरीदकर फिर उसको मुनाफे पर बेचने का काम करता है। इसी तरह से वह अपने परिवार की जीविका चला रहा था। आज सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे के आसपास वह बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में सोनू सलमानी पुत्र इकबाल के पास गत्ता खरीदने आया हुआ था। सोनू ने गत्ता इसी मौहल्ले के तमीज पुत्र मुंशी नफीस के बंद पड़े मकान में रखा हुआ था, तब सोनू उपर कमरे में रखे गत्ते को देने के लिए फरीद को साथ लेकर गया था। फरीद गत्ता उठा उठाकर छत की रेलिंग पर खड़ा होकर नीचे फैंकने लगा, तब अचानक से भारी भरकम गत्ते को नीचे फेंकते समय छत की रेलिंग टूट गयी और वह बोझे के चलते अनियंत्रित होकर गली में सिर के बल नीचे गिर गया, तब सिर से खून निकलने पर आसपास के दुकानदारों ने उसे सड़क से उठाकर पास में ही डॉ. सुभाष चंद्र सैनी के यहां पर भर्ती कराना चाहा, लेकिन ज्यादा खून निकलने पर उन्होंने उसको मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया, जहां रास्ते में गांव भसाना के पास फरीद ने दम तोड दिया। इस घटना की सूचना जैसे हीं परिजनों को मिली, तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। उधर बुढ़ाना कस्बा ईंचार्ज ललित कसाना भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस घटना को लेकर मौहल्ले में शोक है।







## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 06 जनवरी (वार्ता)।** भारत एवं विश्व इतिहास में 07 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1761-पानीपत की तीसरी लड़ाई में अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली ने मराठों को हराया। 1789-अमेरिकी जनता ने जॉर्ज वाशिंगटन को देश का पहला राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान किया। 1859-सिपाही विद्रोह में संलिप्तता के मामले में मुगल सम्राट बहादुरशाह ज़फ़र (द्वितीय) के खिलाफ सुनवाई शुरू। 1893-गाँधीवादी जीवन शैली की कट्टर समर्थक जानकी देवी बजाज का जन्म। 1929-मदर टेरेसा ने कलकत्ता पहुंचकर गरीब और बीमार लोगों के लिए चिकित्सा कार्य शुरू किया। 1947-भारतीय लेखक शोभा डे का जन्म। 1953-अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने हाइड्रोजन बम बनाने की घोषणा की। 1959-संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्यूबा में फिदेल कास्त्रो की नई सरकार को मान्यता प्रदान की। 1966-हिन्दी फिल्मों के एक महान फिल्म निर्देशक बिमल राय का निधन। 1967-भारतीय हिन्दी सिनेमा और टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता इरफान खान का जन्म। 1972-स्पेन के इबीसा क्षेत्र में विमान दुर्घटना में चालक दल के छह सदस्यों समेत 108 यात्रियों की मौत। 1979-हिन्दी फिल्मों की एक अभिनेत्री बिपाशा बसु का जन्म। 1980-भारी बहुमत के साथ इंदिरा गांधी की सत्ता में वापसी। 1981-भारत के जानेमाने शतरंज खिलाड़ी कृष्णन शशिकिरण का जन्म। 1987-कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट में तीन सौ विकेट पूरे किये। 1989-जापान के सम्राट हिरोहितो का देहावसान, आकिहितो नये सम्राट घोषित। 1999-अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के विरुद्ध महाभियोग की कार्रवाई शुरू। 2000-जकार्ता (इंडोनेशिया) में 10 हजार मुसलमानों ने मोलुकस द्वीप समूह में ईसाईयों के विरुद्ध जेहाद की घोषणा की। 2003-जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की। 2008-राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने विनोद राय को नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के पद की शपथ दिलाई। 2009-आई टी कम्पनी सत्यम के चेयरमैन रामालेंगम राजू ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2010-श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर एक होटल में छिपे आतंकवादियों से 22 घंटे लंबी मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1470, रसकट ढैया 1250-1255, चाकू 1450-1675, लड्डू 1600-1670, खुरपापाड़ 1480-1510, शक्कर मसाला 1620-1635। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 78850 | चांदी- | 89600 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 58975 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 07 जनवरी, 2024

**मेष-** आज सायं 5/50 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा। **वृषभ-** आज सायं 5/50 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, लेनदेन में जोखिम से हानि। **मिथुन-** विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, ज्ञान-विज्ञान में रुचि। **कर्क-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, सुयश की प्राप्ति। **सिंह-** आज सायं 5/50 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ। **कन्या-** आज सायं 5/50 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित, हानि **तुला-** व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थल यात्रा से मन प्रसन्न। **वृश्चिक-** अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से सहयोग, मौजमस्ती में व्यय। **धनु-** आज सायं 5/50 बजे तक दिनचर्या निराशाजनक, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न। **मकर-** आज सायं 5/50 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में बाधा, योजना अधूरी। **कुम्भ-** समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ। **मीन-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आज शहरी क्षेत्र में एक पंडाल में एक-दूजे के होंगे 42 जोड़े

## वैदिक मंत्र-कुरान की आयतों का साक्षी बनेगा पालिका प्रशासन मंत्री-चेयरपर्सन व अधिकारी निभायेंगे घराती-बाराती का जिम्मा

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर पालिका प्रशासन मंगलवार को शहरी क्षेत्र के 55 वार्डों में निवास करने वाले हिन्दू-मुस्लिम परिवारों की 42 कन्याओं की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का साक्षी बनेगा, जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पालिका क्षेत्र के इन जोड़ों को नव वैवाहिक जीवन में मंगल प्रवेश कराने का जिम्मा समाज कल्याण विभाग ने लिया है। बारात के स्वागत में भोज से लेकर वरमाला और निकाह के तमाम बंदोबस्त विभाग के हाथों में रहेंगे। पालिका अधिकारी और कर्मचारी घराती व बाराती बनकर इन कन्याओं को विदा कराने का काम करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में दोनों मंत्री और चेयरपर्सन इन जोड़ों को सफल जीवन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सौगात के रूप में आर्थिक रूप से सहायता प्रदान कर मंगल आशीर्वाद प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ही नगरपालिका परिषद् स्तर से नगर क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह टाउनहाल में अपने बंदोबस्त में किया जाता रहा है। इस बार योजना के तहत शहरी क्षेत्र के 55 वार्डों से 42 कन्याओं की सामूहिक विवाह कराने जा रहे हैं, लेकिन तमाम व्यवस्था समाज कल्याण विभाग ने अपने हाथों में ली है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाली मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में 145 कन्याओं के परिजनों ने आवेदन किया था। इनकी जांच में से 42 कन्याओं के आवेदन स्वीकृत किए गए, इनमें 12 हिंदू और 30 मुस्लिम कन्याओं का विवाह कराया जा रहा है। इनका विवाह कराने के लिए मंगलवार को सनातन धर्म सभा भवन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद हरेन्द्र मलिक और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ विशिष्ट अतिथि डीएम उमेश मिश्रा और सीडीओ संदीप भागिया मौजूद रहेंगे।



**इन्होंने कहा-**
जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जनपद को 1700 पात्र कन्याओं की शादियां कराने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए पात्रों का चयन किया जा चुका है और जनपद के नौ ब्लॉक में से 5 ब्लॉक में कार्यक्रम सम्पन्न कराये जा चुके हैं, इनमें से 400 जोड़ों की शादी कराने के साथ उन्हें योजना के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस योजना में एक विवाह पर सरकार द्वारा 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च की जाती है। इसमें 35 हजार रुपये नगद दिए जाने के साथ ही 10 हजार रुपये कीमत का घरेलू सामान, जेवर व वस्त्र तथा 6 हजार रुपये खाना और अन्य व्यवस्था पर खर्च तय है।

# पर्यटकों से गुलजार बर्फ की सफेद चादर में लिपटा औली

## बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब में भी हिमपात

**चमोली, 06 जनवरी (एजेंसी)।** बदरीनाथ की ऊंची चोटियों, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई, वहीं निचले क्षेत्रों में बादल छाये रहे और शीतलहर चली। उधर, बर्फबारी के बाद औली पर्यटकों से गुलजार है। औली में अब फिर मौसम का मिजाज बदलने से बर्फबारी के आसार बने हुए हैं। सोमवार को औली में दिनभर मौसम बदला रहा, जिससे यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे यहां एक बार फिर बर्फबारी के आसार बने हैं। वहीं पर्यटक बड़ी संख्या में चेयर लिफ्ट का भी आनंद ले रहे हैं। मुंबई से आए पर्यटक करण मेहता का कहना है कि औली का मौसम बदला हुआ है। उम्मीद है कि हमें बर्फबारी देखने को मिलेगी। चेयर लिफ्ट के प्रबंधक दीपक डिमरी ने बताया, सोमवार सुबह से दोपहर तक 700 से अधिक पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट से औली के नजारे देखे। गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंधक प्रदीप शाह का कहना है कि औली में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। निगम के गेस्ट हाउस फुल चल रहे हैं। वहीं, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में भी हल्की बारिश के आसार हैं। ऐसे में इन जिलों के तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा सकती है।



# शिंदे के खिलाफ टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा

**मुंबई, 06 जनवरी (वार्ता)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिला पुलिस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, ठाणे शहर के वरली पाड़ा निवासी हितेश धेंडे (26) ने सोशल मीडिया पोस्ट में उपमुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बिधूड़ी के आवास पर युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 06 जनवरी (वार्ता)।** दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस ने पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर आपत्तिजनक बयान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रमेश बिधूड़ी के आवास के बाहर सोमवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी युवाओं को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि श्री बिधूड़ी का बयान अत्यधिक आपत्तिजनक है और इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। बदतमीजी और बदजुबानी रमेश बिधूड़ी की आदत है, लेकिन इस बार उन्हें यह आदत महंगी पड़ेगी और कालकाजी विधानसभा की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''रमेश बिधूड़ी का श्रीमती वाड्रा के संदर्भ में दिया गया बयान बेहद शर्मनाक है और इस घटिया सोच के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। जब तक श्री बिधूड़ी माफ़ी नहीं मांगते, युवा कांग्रेस उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी।

# गांव मदीनपुर का नाला बंद होने पर मुख्य मार्ग पर जलभराव से आवागमन प्रभावित


**बुढ़ाना, 6 जनवरी (बु.)।** गांव मदीनपुर के बड़े नाले के कूड़े करकट के चलते बंद होने पर नालों का गंदा पानी अब फिर से पहले की तरह मुजफ्फरनगर वाया बुढ़ाना मार्ग पर आ गया, जिसके चलते सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है और आने जाने वाहन चालकों को चोट लग रही है। यहां से प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां समय-समय पर गुजरती हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी इस समस्या की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। मौखिक और लिखित शिकायत भी की जा चुकी और सोशल मीडिया पर पानी से भरी सड़क के वीडियो वायरल हो गये, लेकिन कोई लाभ नहीं हो रहा है। ग्रामीणों में इसको लेकर ग्राम प्रधान, सचिव, बीडीओ और प्रशासन के खिलाफ गुस्सा है। एडवोकेट सुभाष राठी ने बताया कि पूरे गांव मदीनपुर खिजरपुर का पानी इस समय मुजफ्फरनगर वाया बुढ़ाना रोड पर भरा हुआ है। पानी के कारण सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गये हैं। बाइक चालक आने जाने में चोटिल हो रहे हैं। बड़े वाहन चालकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हर एक दो मिनट बाद यहां पर जाम लग रहा है। गांव के नाले गंदगी भरी रहने के कारण चोक हो गये हैं। यहां से एसडीएम बुढ़ाना भी गुजरते हैं, लेकिन वे भी इसको अनदेखा किए हुए हैं। उन्होंने एसडीएम से इस समस्या के निस्तारण की मांग की है।



# एकमुश्त समाधान योजना में उपभोक्ताओं की उदासीनता से बढ़ी बिजली अफसरों की चिंता

## पहले चरण में मात्र 58 हजार उपभोक्ताओं ने जमा कराएं 52 करोड़

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी (बु.)।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं को अपना बकाया बिल जमा करने के लिए प्रदेश में एकमुश्त समाधान योजना का विकल्प दिया, लेकिन प्रचार-प्रसार के अभाव में अभी भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता इस विकल्प का भरपूर फायदा उठा नहीं पा रहे हैं। बिजली बिल में मिल रही ब्याज की छूट के लिए उपभोक्ता ऐसे में रजिस्ट्रेशन कराने में देरी के साथ उक्त ओटीएस योजना का लाभ ही नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे में पॉवर कारपोरेशन को कम राजस्व की प्राप्ति हो पा रही है। जनपद में बीते 15 से 31 दिसम्बर 2024 तक पहले चरण में मात्र 58 हजार विद्युत उपभोक्ताओं ने ही जनपद में ओटीएस का लाभ लेते हुए करीब 52 करोड़ रुपए की धनराशि जमा कराई है। अब द्वितीय चरण शुरू हो गया, जो 15 जनवरी तक चलेगा। जनपद मुजफ्फरनगर में शुरू हुई एकमुश्त समाधान योजना में पॉवर कारपोरेशन तमाम प्रयासों के बावजूद 15 से 31 दिसम्बर 2024 तक जारी पहले चरण में 58 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को ही ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर पाया है। इस बीच जिले में उक्त बकाएदारों द्वारा करीब 52 करोड़ रुपए की धनराशि पॉवर कारपोरेशन कोष में जमा कराई है। विभाग का अब द्वितीय चरण शुरू हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। बड़े बकायेदारों को लाभ पहुंचे व राजस्व की वसूली करने के लिए पॉवर कारपोरेशन ने योजना को शुरू किया है। जिले में करीब 5.84 लाख बकायेदारों पर करीब 510 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। इन तमाम उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के तहत लाभ मिल सकता है, लेकिन पहले चरण में मात्र 58 हजार उपभोक्ताओं द्वारा 52 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। अब एक जनवरी से दूसरा चरण शुरू हो गया, जो 15 जनवरी तक अभी चलेगा। शेष बकायेदारों द्वारा ओटीएस योजना का लाभ नहीं लिया जा रहा है। उधर, लक्ष्य प्राप्ति के लिए पॉवर कारपोरेशन के अफसरों की विशेष अभियान चलाते हुए बड़े बकायेदारों की बिजली काटनी पड़ रही है, ताकि ओटीएस योजना से ऐसे तमाम उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा जा सके।



# दिल्ली में महिलाओं को हर माह देंगे 2500 रुपयेः कांग्रेस

**नई दिल्ली, 06 जनवरी (वार्ता)।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की 'महिला सम्मान' योजना के जवाब में सोमवार को कहा कि सरकार बनने पर दिल्ली में महिलाओं के लिए 'प्यारी दीदी योजना' लागू की जाएगी जिसके तहत हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये दिए जायेंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिल्ली कांग्रेस प्रभारी निजामुद्दीन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा तथा कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे निभाती है और दिल्ली में सत्ता में आने पर महिलाओं को 'प्यारी दीदी योजना' के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। श्री शिव कुमार ने कहा कि कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने जो वादे किए थे, सबको लागू किया है। कहा कि कर्नाटक में सभी गारंटी कार्यक्रमों के सफल शुभारंभ के बाद, हम दिल्ली में 'प्यारी दीदी' योजना शुरू कर रहे हैं।

# ट्रेन की लेट-लतीफी ने छीन ली मासूम की जिंदगी, नहीं मिल पाया उपचार



**लखनऊ, 06 जनवरी (एजेंसी)।** इलाज के लिए बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन से देवरिया से दिल्ली ले जाई जा रही मासूम ने बोगी में ही दम तोड़ दिया। लखनऊ के ऐशबाग स्टेशन पर डॉक्टरों ने उन्हें अटेंड किया। मासूम के शव को मां-बाप उसे सड़क मार्ग से देवरिया ले गए। ट्रेन को सुबह दिल्ली पहुंचना था, लेकिन लेट होने के कारण ऐशबाग पहुंची थी।मामला बरौनी से नई दिल्ली जा रही 02563 स्पेशल ट्रेन का है। यह ट्रेन तकरीबन ग्यारह घंटे की देरी से देवरिया पहुंची थी। देवरिया निवासी सद्दाम की एक साल का बेटी को निमोनिया हो गया। स्थानीय इलाज से राहत नहीं मिलने पर वे उसे एम्स दिल्ली ले जा रहे थे। वह 02563 स्पेशल ट्रेन के थर्ड एसी कोच बी-1 में 40 नंबर सीट पर सवार थे। लखनऊ पहुंचने से पहले ही मासूम की तबीयत बिगड़ गई। सहयात्री हर्ष भारद्वाज ने हेल्पलाइन नंबर और सोशल मीडिया एक्स पर उनके लिए मदद की गुहार लगाई। इसके बाद ट्रेन के ऐशबाग स्टेशन पहुंचने पर डॉक्टरों ने अटेंड किया। लेकिन, उससे पूर्व ही मासूम की मौत हो चुकी थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर एके सिंह ने बताया कि ऐशबाग से मासूम को लेकर उसके मां-बाप सड़क मार्ग से देवरिया रवाना हो गए। सूत्र बताते हैं कि इस ट्रेन को सुबह 5:10 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन लेटलतीफी के चलते ट्रेन सुबह 9:47 बजे ऐशबाग तक ही पहुंची थी।

# डल्लेवाल से मिलकर हाई पावर कमेटी ने की मेडिकल ट्रीटमेंट की अपील

**पटियाला, 06 जनवरी (एजेंसी)।** खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को सोमवार को 42वें दिन पूरे हो गए। डल्लेवाल की सेहत लगातार नाजुक बनी हुई है और इसी बीच किसान नेता से सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई हाई पावर कमेटी ने सेवानिवृत्त जज नायब सिंह की अगुवाई में मुलाकात की। कमेटी की ओर से डल्लेवाल को मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की अपील की गई।

पूर्व जज नायब सिंह ने डल्लेवाल से कहा कि आपकी सेहत व जिंदगी की जरूरत है, इसलिए बेशक अपना अनशन समाप्त न करें, लेकिन मेडिकल ट्रीटमेंट ले लें। जवाब में डल्लेवाल ने कहा कि किसानी पहले है और उनकी सेहत बाद में है। डल्लेवाल ने एक बार फिर से मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की अपील को ठुकरा दिया। कमेटी में खेतीबाड़ी माहिर देविंदर शर्मा, अर्थशास्त्री रणजीत घुम्मन, पंजाब फार्मर्स कमीशन के चेयरपर्सन सुखपाल सिंह, पूर्व डीजीपी बीएस संधू एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे। डल्लेवाल ने मुलाकात के दौरान कमेटी सदस्यों से कहा कि उनकी जिंदगी से ज्यादा महत्वपूर्ण उन किसानों की जिंदगियां थीं, जिन्होंने सरकारों की गलत नीतियों के कारण आत्महत्या कर ली। डल्लेवाल ने पूर्व जज नायब सिंह से अपील की कि केंद्रीय कृषि मंत्री कह रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वो मानेंगे तो ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की ओर से केंद्र को आदेश देकर एमएपी गारंटी कानून बनाया जाए, ताकि किसानों की आत्महत्या बंद हो सके। डल्लेवाल ने कहा कि 2018 में जबलपुर हाइकोर्ट भी फैसला कर चुका है कि किसी भी एपीएमसी मंडी में किसी भी फसल की पहली बोली सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से नीचे नहीं होनी चाहिए। लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी हाइकोर्ट के उस फैसले का सम्मान नहीं किया जा रहा है। डल्लेवाल ने कहा कि जब तक वाहेगुरु का आशीर्वाद है तब तक उन्हें कुछ नहीं होगा, केंद्र सरकार को बिना देरी के किसानों के मुद्दों का हल करने का प्रयास करना चाहिए।मीडिया से बात करते पूर्व जज नायब सिंह ने कहा कि उनकी वाहेगुरू से यही अरदास है कि डल्लेवाल सेहतमंद रहें।



कमेटी की तरफ से डल्लेवाल को अपील की गई है कि वह मेडिकल ट्रीटमेंट ले लें। किसानों से बात करके उनके मसले हल करने की कमेटी की ओर से पूरी कोशिश की जा रही है। डल्लेवाल को वादा किया गया है कि वह जब भी बुलाएंगे, कमेटी के सदस्य आएंगे। आज जो भी बातचीत हुई है, इसकी रिपोर्ट कमेटी को सौंपी जाएगी। उन्होंने साफ किया कि कमेटी के पास केंद्र के साथ बातचीत करने की अथॉरिटी नहीं है। कमेटी अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी। गौरतलब है कि शनिवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान महापंचायत के बाद से डल्लेवाल की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। उन्हें बार-बार उल्टियां हो रही हैं और बोलने में भी दिक्कत हो रही है।

# खास तोहफा लेकर प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम धामी



**देहरादून, 06 जनवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को मलारी (चमोली) की शॉल और नारायण आश्रम की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। सीएम ने कहा कि ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे का कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का अनुरोध किया। पुराने स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है, उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा जिससे यातायात में सुधार होगा।

# यह नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने का अभियानः प्रशांत किशोर

## बीपीएससी परीक्षा को लेकर पीके की जेल से रिहाई, दिन भर हुए छात्रों के प्रदर्शन

**पटना, 06 जनवरी (एजेंसी)।** जेल जाने से पहले जनसुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सोमवार शाम को पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने जेल में आमरण अनशन जारी रखने की बात कही। साथ ही एनडीए सरकार पर हमला भी बोलते हुए स्पष्ट कहा कि यह लाठीतंत्र चलाने वाले नीतीश और भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का अभियान है। प्रशांत किशोर ने पटना पुलिस पर बयान दिया। कोर्ट, बेल और पीआर बॉन्ड की बात भी की। गांधी के सत्याग्रह की याद दिलाते उन्होंने नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की। जेल भेजे जाने के कुछ घंटे बाद ही जब उन्हें कोर्ट ने बेशर्त रिहा करने का आदेश दिया तो उन्होंने फिर मीडिया से बात की और कहा कि यह छात्र आंदोलन की पहली जीत है। राज्य में जिस तरह का आंदोलन खड़ा हो रहा था, उसे देखते हुए बेशर्त रिहा किया गया है।

### पीके ने कहा-पुलिस से हमारी कोई भी लड़ाई नहीं है, वो ड्यूटी कर रहे हैं



प्रशांत किशोर ने कहा कि गांधी मैदान में हमलोग पिछले पांच दिनों से शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे थे। मैं अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठा था। सोमवार सुबह करीब चार बजे पटना पुलिस आई और कहा कि हमलोगों के साथ चलिए। हमलोग साथ गए। पुलिसवालों को व्यवहार अच्छा रहा। प्रशांत किशोर थप्पड़ विवाद का भी खंडन किया है। उन्होंने कहा कि थप्पड़ मारने की बात गलत है। मेरे एक साथ ने उत्साह में मेरा हाथ पकड़ा था। पुलिस हाथ छुड़ाने की कोशिश कर रही थी। पुलिस से हमारी कोई लड़ाई नहीं है। गांधी मैदान से पटना पुलिस मुझे पटना एम्स लेकर गई। वहां डेढ़ घंटे तक बैठाकर रखा गया। एम्स प्रबंधन ने मुझे भर्ती लेने से मना कर दिया। इसके बाद पटना पुलिस तीसरी जगह ले जाने की कोशिश करने लगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि पटना एम्स से निकले के बाद से पुलिस का व्यवहार गलत हुआ। पुलिस करीब साढ़े पांच बजे से 11 बजे तक अलग-अलग जगहों पर मुझे घुमाती रही। मैं बार-बार पूछता रहा लेकिन मुझे सच नहीं बताया गया। वह मुझे पीएमसीएच और एनएमसीएच में ले जाने की बात कहते रहे। करीब पांच घंटे के मुझे फतुहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के लिये लेकर गए। यहां मैंने डॉक्टर से कहा कि मैं पिछले पांच दिन से अनशन पर बैठा हूं। मैंने डॉक्टरों को परीक्षण की इजाजत नहीं दी। पुलिसवालों ने परीक्षण का सर्टिफिकेट गैरकानूनी तरीके से लेने की कोशिश की। लेकिन, डॉक्टरों ने सर्टिफिकेट नहीं दिया। इसके बाद मेरा बयान रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद अलग-अलग रास्तों से घुमाकर सिविल कोर्ट लाया गया।

# गांधी कॉलोनी व पचेंड़ा रोड की विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी (बु.)।** मंगलवार 07 जनवरी को विद्युत नगरीय वितरण खंड टाउन हॉल के अंतर्गत पचेंड़ा रोड स्थित बिजलीघर पर 33 केवी पैनल स्थापित करने के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी, जिसके अंतर्गत मंगलवार को पचेंड़ा रोड बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में सुभाष नगर, बच्चन सिंह कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, ग्राम बागोवाली और नसीरपुर आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इसके साथ मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 3 बजे तक 33 केवी उपकेंद्र गांधी कॉलोनी की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी, जिसके अंतर्गत मंगलवार को इस फीडर से जुड़े मौ. गांधी कॉलोनी, भोपा रोड एवं द्वारकापुरी आदि क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस कार्य के चलते होने वाली परेशानी में उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए सहयोग मांगा है।

# जनपद में ग्राम प्रधानों ने जूम एप के जरिये सीखे विकास के गुर

## शेष रहे ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा आज

**मुजफ्फरनगर, 06 जनवरी (बु.)।** उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में यूपी सरकार द्वारा आज से ग्राम प्रधानों को जूम ऐप से ऑनलाइन प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया। गांवों में प्रधानी की जंग जीतने वाले जनप्रतिनिधियों को पंचायतों में विकास करने के इस बीच गुर सिखाने के साथ ही उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग की ओर से सोमवार से शुरू उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 487 ग्राम प्रधानों की 04 बैचों में ब्लॉक स्तर के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण प्रक्रिया की गई।

सोमवार में जनपद में जूम ऐप द्वारा पहले दिन जनपद के 229 ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस बीच उक्त ग्राम प्रधान अपने मोबाइल फोन, लेपटाप और कम्प्यूटर आदि द्वारा जूम ऐप से जुड़े और विभिन्न तय बिन्दुओं पर उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उपनिदेशक (पंचायत) सहारनपुर मंडल सहारनपुर/प्राचार्य, जनपद पंचायत रिसोर्स सेन्टर, शामली हरिकेश बहादुर के निर्देशन में सोमवार को जनपद के 4 ब्लॉक के 229 ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया, जिसमें बुढ़ाना ब्लॉक से 60 प्रधान, चरथावल क्षेत्र से 58 प्रधान, जानसठ क्षेत्र से 61 प्रधान व मोरना क्षेत्र से 50 ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा-15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य और ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की जानकारी दी। इस बीच महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गई। जनपद में शेष बचे ग्राम प्रधानों को मंगलवार 07 जनवरी को इसी क्रम में प्रातः 11 बजे से सदर मुजफ्फरनगर, पुरकाजी व बघरा ब्लॉक और दोपहर दो बजे से जूम ऐप के माध्यम से खतौली व शाहपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है।

# चीनी मांझे से चौराहे पर कट कर लटकी युवक की गर्दन

## मेरठ में हुआ हादसा, बाइक पर पीछे बैठे दोस्त की भी नाक कटी, परिजनों में मचा कोहराम

**मेरठ, 06 जनवरी (एजेंसी)।** जिले के अति व्यस्त तेजगढ़ी चौराहे के पास चीनी मांझे की चपेट में आकर गर्दन कटने से बाइक सवार सुहेल (21) की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे उसके दोस्त नवाजिश (22) की नाक कट गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना का एक हृदय विदारक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सुहेल की गर्दन पूरी तरह कटी हुई दिख रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा नजर आया।



मेडिकल थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर का रहने वाला सुहेल पुत्र जान मोहम्मद अपने दोस्त नवाजिश के साथ सोमवार शाम बाइक पर लिसाड़ी गेट क्षेत्र में मांझा खरीदने आया था। लिसाड़ी क्षेत्र के गोला कुआं से मांझा खरीदने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक सुहेल चला रहा था, जबकि नवाजिश पीछे बैठा था। जब वे शास्त्रीनगर एल ब्लॉक से होकर पीवीएस मॉल की तरफ से तेजगढ़ी चौराहे ओर जा रहे थे, तभी एबी कट पर चीनी मांझे की चपेट में आकर बाइक चला रहे सुहेल की गर्दन कट गई। चीनी मांझे ने पीछे बैठे नवाजिश को भी चपेट में ले लिया और उसकी भी नाक कटने से वह गंभीर घायल हो गया। गर्दन कटने के बाद सुहेल की बाइक भी सड़क पर गिर गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। खून से लथपथ दोनों युवकों को मेरठ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने सुहेल को मृत घोषित कर दिया। नवाजिश को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। उसकी नाक पर कई टांके लगे हैं। पुलिस द्वारा हादसे की सूचना दिए जाने पर दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए। सुहेल के पिता जान मोहम्मद ने बताया कि वह मजदूरी करता था। उसे पत्थर काटने की मशीन ठीक कराने के लिए मेरठ भेजा था। वहीं एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि शव का रात में ही पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# डीटीसी बस कंडक्टर को ड्राइवर ने मारी गोली, लाश लेकर पहुंचा थाने

**नई दिल्ली, 06 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार को एक डीटीसी बस कंडक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि साथी बस ड्राइवर ने ही कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद बस ड्राइवर ने खुद आत्मसमर्पण कर दिया लेकिन इससे पहले उसने शराब पी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात उत्तरी दिल्ली जिले के अलीपुर इलाके में हुई। वारदात से पहले दोनों एक वैन के अंदर एक साथ शराब पी रहे थे। मृतक की पहचान योगेश के तौर पर हुई है जबकि हत्यारोपी का नाम मंजीत है। घटना से पहले दोनों के बीच बहस हुई थी। विवाद बढ़ने पर नशे में धुत योगेश ने मंजीत की छाती पर गोली मार दी और आत्मसमर्पण करने के लिए वैन में मृत शरीर को लेकर अलीपुर पुलिस स्टेशन पहुंच गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंजीत ने कत्ल की बात कबूल कर ली है और उसके खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी और पीड़िता, दोनों मोहम्मदपुर गांव के निवासी थे, करीबी दोस्त थे। पुलिस यह पता लगाने के लिए योगेश से पूछताछ कर रही है कि किस वजह से बहस शुरू हुई जो जल्द ही मंजीत के लिए घातक हो गई।

# किसानों हितों पर सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को लगाई फटकार

## किसानों को मुआवजा नहीं देने पर अधिकारियों पर होगी अवमानना की कार्यवाही

**नई दिल्ली, 06 जनवरी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों को फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि वे 31 जनवरी तक किसानों को उनकी जमीन के बदले मुआवजा दें, वरना उन पर अवमानना की कार्यवाई की जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। बीड जिले के जांभलखोरी बोरफड़ी में 2005 में पानी की टंकी बनाने के लिए किसानों की जमीन ली गई थी। यह जमीन महाराष्ट्र सरकार ने रोजगार गारंटी योजना के तहत अधिग्रहित की थी। बेंच ने कहा, यह एक क्लासिक उदाहरण हैं, जहां महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने उन किसानों को मुआवजा नहीं दिया, जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 1.49 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश पहले ही पारित किया गया था, लेकिन किसानों को अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला। बेंच ने कहा, राज्य के अधिकारियों ने इस मामले में जिस तरह से काम किया, हम उससे पूरी तरह से निराश हैं। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के प्रमुख सचिव, वित्त सचिव और पंचायती राज सचिव को एक हफ्ते के भीतर इस मामले का संज्ञान लेने का आदेश दिया। साथ ही बीड के कलेक्टर को यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि किसानों को मुआवजा मिल जाए। कोर्ट ने कहा कि 31 जनवरी तक सभी किसानों और संबंधित लोगों को मुआवजा दिया और इसकी रिपोर्ट शीर्ष कोर्ट को सौंपी जाए। बेंच ने कहा, अगर 31 जनवरी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो बॉम्बे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सभी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना के मामले को आगे बढ़ाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान न करने के लिए दोषी अधिकारियों से निजी रूप से एक लाख रुपये की वसूली की जाएगी।

# ससुराल की दहलीज तक नहीं देखीः शादी के 25 दिन बाद मायके में विवाहिता ने लगा ली फांसी

**शाहजहाँपुर, 06 जनवरी (एजेंसी)।** शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में शादी के 25 दिन बाद नवविवाहिता ने मायके में आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर जिला मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खुटार क्षेत्र के गांव कोल्हूगाढ़ा निवासी मनीराम ने अपनी पुत्री 22 वर्षीय प्रीति देवी की शादी 10 दिसंबर को पुवायां इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बिहार के जनपद समस्तीपुर के गांव कनवा सैदपुर निवासी चंदू के साथ की थी। चंदू प्रीति की भाभी का भाई है। शादी के बाद से प्रीति मायके में ही रह रही थी। सोमवार को सुबह करीब पांच बजे प्रीति ने दीवार के कुंडी में दुपट्टे से फंदा बनाकर लटक गई। जानकारी होने पर परिजनों ने प्रीति को फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए। जहां इलाज के कुछ ही देर बाद प्रीति ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11067 दिनांक 18/10/2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अरनव खानिया अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी वह इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

अमित कुमार
पुत्र श्री राकेश कुमार
गाँव–सुजडू, जिला– मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

